Postal Reg. No. : XXXXXXXXX

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ   نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ   وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 1 | अंक 27

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

8 सितम्बर 2016 ई   5 ज़िल्हज्ज 1437 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

मुझे सारी दुनिया के सुधार के लिए एक सेवा सौंपी गई है। इसलिए कि हमारा आक़ा मख़दूम (जिस की सेवा की जाए।) सारी दुनिया के लिए आया था तो इस महान सेवा के लिए मुझ में वह शक्तियां और ताकतें दी गई हैं जो इस बोझ के उठाने के लिए आवश्यक थीं और वह मआरिफ़ और निशान भी दिए गए हैं जिन का दिया जाना दलील के पूरा होने के लिए उपयुक्त समय था।

उपदेश हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

याद रहे कि जब कि मुझे सारी दुनिया के सुधार के लिए एक सेवा सौंपी गई है। इसलिए कि हमारा आक़ा मख़दूम (जिस की सेवा की जाए।) सारी दुनिया के लिए आया था तो इस महान सेवा के लिए मुझ में वह शक्तियां और ताकतें दी गई हैं जो इस बोझ के उठाने के लिए आवश्यक थीं और वह मआरिफ़ और निशान भी दिए गए हैं जिन का दिया जाना दलील के पूरा होने के लिए उपयुक्त समय था। मगर ज़रूरी नहीं था कि हज़रत ईसा को वह मआरिफ़ और निशान दिए जाते।* क्योंकि उस समय उनकी जरूरत नहीं थी इसलिए हज़रत ईसा की प्रकृति को सिर्फ वे शक्तियां और ताकतें दी गईं जो यहूदियों के एक थोड़े से संप्रदाय के सुधार के लिए आवश्यक थीं और हम कुरआन शरीफ के वारिस हैं जिस की शिक्षा सभी कमालों का सार है और दुनिया के लिए है। मगर हज़रत ईसा केवल तौरात के वारिस थे जिसकी शिक्षा घटिया और विशेष क़ौम के लिए है इसलिए इंजील में उन्हें वे बातें ताकीद के साथ वर्णन करनी पड़ी जो शरीयत में छिपी और पर्दे में थीं लेकिन कुरआन शरीफ से हम कोई बात अधिक वर्णन नहीं कर सकते क्योंकि उसकी शिक्षा उत्तम और सम्पूर्ण है और वह तौरात की तरह किसी इंजील की मोहताज नहीं।

फिर जिस स्थिति में यह बात स्पष्ट है कि हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम को उतनी ही आध्यात्मिक शक्तियां और ताकतें दी गई थीं जो यहूदी संप्रदाय के सुधार के लिए काफी थीं तो निश्चय रूप से उनके कमाल भी उसी पैमाने के आधार पर होंगे जैसा कि अल्लाह तआला फरमाता है।

وَاِنۡ مِّنۡ شَیۡءٍ اِلَّا عِنۡدَنَا خَزَآئِنُہٗ وَمَا نُنَزِّلُہٗۤ اِلَّا بِقَدَرٍ مَّعۡلُوۡمٍ

प्रत्येक चीज़ के हमारे पास ख़जाने हैं मगर हम आवश्यकता से अत्यधिक उन्हें अवतरित नहीं करते है। इसलिए यह अल्लाह तआला के ज्ञान के विपरीत है कि एक उम्मती नबी को सुधार के लिए वे ज्ञान दिया जाए जिन ज्ञान से वह उम्मत तुलना ही नहीं रखती बल्कि पशुओं में भी ख़ुदा तआला का यही प्रकृति का कानून पाया जाता है। जैसे घोड़े को इस उद्देश्य के लिए ख़ुदा ने बनाया है कि सफर में अच्छा काम करे और प्रत्येक क्षेत्र में दौड़ने से अपने सवार का समर्थक और सहायक हो इसलिए एक बकरी इन विशेषताओं में उसका मुकाबला नहीं कर सकती क्योंकि वह इस उद्देश्य के लिए पैदा नहीं की गई। ऐसा ही ख़ुदा ने पानी को प्यास बुझाने के लिए बनाया है, इसलिए आग उसका प्रतिनिधि नहीं हो सकती। मानवीय प्रकृति कई शाखाओं पर आधारित है और कई विभिन्न शक्तियां ख़ुदा तआला ने उस में रखी हैं। लेकिन इंजील ने सिर्फ एक ही शक्ति अफ़ो (क्षमा) और माफी पर ज़ोर दिया है मानो मानवीय पेड़ के सैंकड़ों शाखाओं में से केवल एक शाखा इंजील के हाथ में है। तो इससे हज़रत ईसा की मअरफत की सच्चाई मालूम होती है कि वह कहाँ तक है लेकिन हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मअरफत मानवीय प्रकृति के छोर तक पहुंची हुई है इसलिए कुरआन शरीफ पूर्ण अवतरित हुआ। और यह कुछ बुरा मानने की बात नहीं अल्लाह तआला ख़ुद फरमाता है कि

فَضَّلۡنَا بَعۡضَھُمۡ عَلٰی بَعۡضٍ

कुछ नबियों को हम ने कुछ पर प्राथमिकता दी है। और हमें आदेश है कि सभी आदेशों में नैतिकता में इबादत में आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का पालन करें अगर हमारी प्रकृति को वे शक्तियां नहीं दी जातीं जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सारे कमालों को प्रतीकात्मक रूप में प्राप्त कर सकतीं तो यह आदेश हमें हरगिज़ न होता कि नबी का पालन करो क्योंकि ख़ुदा तआला सामर्थय से बढ़ कर कोई तकलीफ नहीं देता जैसा कि वह ख़ुद फरमाता है

لَا یُکَلِّفُ اللّٰہُ نَفۡسًا اِلَّا وُسۡعَھَا

चूंकि वह जानता था कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सारे नबियों के कमालों के सार हैं इसलिए हमारी पांच समय की नमाज़ में हमें यह दुआ पढ़ने का आदेश दिया कि

اِھۡدِنَا الصِّرَاطَ الۡمُسۡتَقِیۡمَ ۙ صِرَاطَ الَّذِیۡنَ اَنۡعَمۡتَ عَلَیۡھِمۡ

हे हमारे ख़ुदा हम से पहले जितने रसूल और सिद्दीक और शहीद गुज़र चुके हैं उन सब के कमाल हम में जमा कर। इसलिए इस उम्मत की उच्च प्रकृति का इस से अंदाज़ा लगा सकते है कि यह आदेश दिया है कि सभी पिछले विविध कमालों को अपने अंदर जमा करो। यह तो आम तौर पर आदेश है और गुण के विशेष स्तर इसी से मालूम हो सकते हैं। इसी कारण से इस उम्मत के कमाल वाले सूफी इस छिपे तथ्य तक पहुँच गए हैं कि मानवीय प्रकृति के कमाल की पूर्णता का दायरा इसी उम्मत ने पूरा किया है। बात यह है कि जिस तरह एक छोटा सा बीज ज़मीन में बोया जाता है और धीरे धीरे वह अपने कमाल को पहुंच कर एक बड़ा पेड़ बन जाता है। इसी तरह मानव श्रृंखला पल्लवित होता गया और मानवीय शक्तियां अपने कमाल में बढ़ती गईं यहाँ तक कि हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के समय में वह अपने कमाल तक पहुंच गईं।

* अगर कोई कहे कि हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम मुर्दे जीवित करते थे कितना बड़ा निशान उन्हें दिया गया। उसका यह जवाब है कि वास्तविक रूप में मुर्दे जीवित होना पवित्र कुरआन शरीफ की शिक्षा के विपरीत है हाँ जो मृत के रूप में बीमार थे तो उन्हें जीवित किया तो इस जगह भी ऐसे मुर्दे जीवित हो चुके हैं और पहले नबी भी करते रहे हैं जैसे इल्यास नबी। मगर भव्य निशान और हैं जिन्हें ख़ुदा दिखला रहा है और दिखलाएगा। इसी में से।

(हकीकतुल वह्यी, रूहानी खज़ायन,भाग 22, पृष्ठ 155 -157)

☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सम्पादकीय

हज और उस का महत्तव

इस्लाम की बुनियाद जिन पांच बातों पर रखी गई है उन में से एक हज है। एक सच्चे मुसलमान के लिए हज हज़ारों बरकतों का कारण बनता है। अल्लाह तआला क़ुर्आन करीम में कहता है। وَ اَذِّنۡ فِی النَّاسِ بِالۡحَجِّ یَاۡتُوۡکَ رِجَالًا وَّ عَلٰی کُلِّ ضَامِرٍ یَّاۡتِیۡنَ مِنۡ کُلِّ فَجٍّ عَمِیۡقٍ "और लोगों में हज्ज की घोषणा कर दे। वे तेरे पास पैदल चल कर आएँगे और प्रत्येक ऐसी सवारी पर भी जो लम्बी यात्रा की थकान से दुबली हो गई हो। वे सवारियां और चीज़े प्रत्येक गहरे और दूर के मार्ग से आएंगी।" (सूरत हज्ज आयत :28)

हज की बरकतों के विषय में अल्लाह तआला क़ुर्आन करीम में फ़र्माता है कि "सब से पहला घर जो लोगों के लाभ के लिए बनाया गया था वह है जो मक्का में है। वह सारे संसारों के लिए बरकत वाला स्थान तथा हिदायत का साधन है। उस में कई खुले निशान हैं वह इब्राहीम की खड़े होने (भक्ति) की जगह है। और जो उस में दाख़िल हो वह अमन में आ जाता है।" (आले इमरान : 97-98)

इस्लाम धर्म के संस्थापक हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुसलमानों को हज की अदायगी और इसकी बरकतों से परिचित कराते हुए कहा ''हे लोगो अल्लाह तआला ने तुम पर हज फ़र्ज़ किया है चाहिए कि तुम हज करो।

(मुस्लिम)

हज़रत अबू हुरैरा (र) वर्णन करते हैं कि हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने कहा "जिस ने हज किया और उस ने न बेहूदगी की, न बुराई की तो वह हज से इस प्रकार लौटेगा जैसे अभी उसकी मां ने उसे जन्म दिया है।"

(बुख़ारी व मुस्लिम)

हज क्या है ?

ध्यान रहे कि हज एक आशिकाना इबादत है एक सच्चा मुसलमान अपने पैदा करने वाले ख़ुदा से हज के द्वारा अपनी मुहब्बत तथा इश्क को प्रकट करता है। दुनिया में रोज़ ऐसी बहुत सी चीज़ें देखने में आती हैं कि लोग ऐसी चीज़ों से प्रेम करके बहुत से दुख और मुश्किलें उसके बदले में सहन करते हैं जिन की कोई वास्तविकता नहीं है और कभी कभी उसके बदले में अपनी जान की क़ुर्बानी भी देने को तैयार हो जाते हैं। हज में अल्लाह का बन्दा जितने भी अहकाम तथा ख़ुदा के हुक्म पूरे करता है वह सब ख़ुदा तआला की खुशी के लिए होता है ।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम कहते हैं :-

"इबादत के दो भाग हैं एक वह जो इन्सान अल्लाह से डरे ,जो डरने का हक है। दूसरा हिस्सा इबादत (भक्ति) का यह है कि इंसान ख़ुदा से प्रेम करे जो प्रेम करने का हक है। यह हक दो हैं जो अल्लाह अपने बारे में इंसान से मांगता है। इस्लाम ने इन दो हकों को पूरा करने के लिए एक मार्ग नमाज़ का रखा जिस में नमाज़ के ख़ौफ़ (डर) का पहलू रखा तथा प्रेम को ज़ाहिर करने के लिए हज रखा है। हज में मुहब्बत के सभी पहलू पाए जाते हैं। कभी कभी मुहब्बत अधिक हो जाने के समय कपड़े की भी ज़रूरत नहीं रहती, इश्क भी एक जनून होता है। कपड़ों को संवार कर रखना यह इश्क़ में से नहीं रहता। अर्थात् यह नमूना जो बहुत ही अधिक मुहब्बत के लिबास में होता है वह हज में मौजूद है। सिर मुंडवाया जाता है, दौड़ते हैं, मुहब्बत का चुम्बन रह गया वह भी है जो ख़ुदा की सारी शरीअतों में तसवीरी भाषा में चला आया है। फिर क़ुर्बानी में भी कमाल इश्क़ दिखाया है। इस्लाम ने पूरे तौर पर इन हुकूक को पूरा करने की शिक्षा दी है। वह व्यक्ति नादान है जो अन्धेपन से एतिराज़ करता है।"

(मलफ़ूज़ात भाग 3 पृ 299)

हज वह महत्त्वपूर्ण इबादत है जो इस्लाम का पांचवां स्तम्भ है, जिस के बिना किसी मानव का इस्लाम पूर्ण नहीं हो सकता जिस की फर्ज़ीयत के प्रति अल्लाह तआला ने पवित्र कुरआन में फरमाया है,

وَ لِلّٰہِ عَلَی النَّاسِ حِجُّ الۡبَیۡتِ مَنِ اسۡتَطَاعَ اِلَیۡہِ سَبِیۡلًا ؕ وَ مَنۡ کَفَرَ فَاِنَّ اللّٰہَ غَنِیٌّ عَنِ الۡعٰلَمِیۡنَ (सूरः आले-इमरान,98)

और अल्लाह का लोगों पर अधिकार है कि जो लोग अल्लाह के घर काबा जाने आने की क्षमता रखते हैं, तो वह हज के लिए काबा की यात्रा करें और जो इन्कार करेगा तो अल्लाह सारे संसार वालों से बेनयाज़ है।"

इसी तरह रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने फरमाया

"हे लोगो, अल्लाह तआला ने तुम्हारे ऊपर हज फर्ज़ (अनिवार्य) किया है, तो तुम लोग हज करो, तो एक आदमी ने कहा, हे अल्लाह के रसूल! क्या प्रत्येक वर्ष? तो अल्लाह के रसूल ख़ामोश हो गए फिर कुछ समय के बाद फरमया, यदि मैं "हाँ " कहता तो अनिवार्य हो जाता और तुम लोग इस की क्षमता नहीं रखते।

(सही मुस्लिम)

हज का फर्ज़ होना

किसी इन्सान पर हज के फर्ज़ होने के लिए उन में पांच शर्तो का पाया जाना ज़रूरी है

(1) मुस्लिम होना: हज उसी मानव पर अनिवार्य होता है जो मुस्लिमान होता है, और मुस्लिम होने के बाद हज करता है तो उस का यह हज उस के लिए काफी होगा यदि किसी ने इस्लाम स्वीकार करने से पहले हज किया तो इस्लाम स्वीकार करने के बाद उसे दोबारा हज करना पड़ेगा।

(2) **बुद्धि वाला होना:** अल्लाह तआला ने धर्म के आदेश को मानना बुद्धि वालों पर अनिवार्य किया है जो मानव पागल है, तो ऐसे व्यक्तियों पर धर्म की बातों का पालन करना अनिवार्य नहीं है। जैसा कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने फरमाया

आयशा (रज़ि अल्लाहो अन्हा) से वर्णन है कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने फरमाया, " तीन व्यक्तियों को अल्लाह तआला ने क्षमा किया है। नींद से सोने वाले को यहां तक कि वह नींद से जाग जाए, और पागल को यहां तक कि वह बुद्धि वाला हो जाए और बच्चों से यहां तक कि वह बालिग़ (व्यस्क) हो जाए।

(सुनन अबी दाऊद)

(3) **बालिग होना:** अल्लाह तआला ने धर्म के आदेश को मानना बालिग पुरूषों तथा महिलओं पर अनिवार्य किया है, कोई भी बालक या बालिका धर्म के आदेश तथा आज्ञा पर अनुकरण कर सकता है परन्तु बालिग होने के बाद धर्म के आदेश पर अनुकरण करना अनिवार्य हो जाता है यदि बालिग होने के बाद धर्म की आज्ञा अनुसार जीवन नहीं बिताता तो वह पापी और गुनहगार होगा जैसा कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने स्पष्ट किया कि बच्चों पर धर्म की आज्ञा का पालन अनिवार्य नहीं है। जैसा कि उपरोक्त हदीस में वर्णन किया गया है।

(4) **आजाद होना:** इसी तरह गुलाम पर हज फर्ज़ नही है,

(5) **क्षमता होना:** किसी भी मुस्लिम की आर्थिक क्षमता के अनुसार उस पर हज फर्ज़ होता है जैसा अल्लाह तआला ने स्वयं ही कुरआन मजीद में फरमाया है।

وَ لِلّٰہِ عَلَی النَّاسِ حِجُّ الۡبَیۡتِ مَنِ اسۡتَطَاعَ اِلَیۡہِ سَبِیۡلًا ؕ وَ مَنۡ کَفَرَ فَاِنَّ اللّٰہَ غَنِیٌّ عَنِ الۡعٰلَمِیۡنَ

(सूरः आले-इमरान,98)

और अल्लाह का लोगों पर अधिकार है कि जो लोग अल्लाह के घर काबा जाने आने की क्षमता रखते हैं, तो वह हज के लिए काबा की यात्रा करें।

(सूरः आले-इमरान,97)

क्षमता का अर्थ यह कि मानव के पास आर्थिक क्षमता हो और साथ ही शारीरिक क्षमता भी हो यदि किसी के पास शारीरिक क्षमता है परन्तु आर्थिक क्षमता उप्लब्ध नहीं तो उस पर हज अनिवार्य नहीं और किसी के पास आर्थिक क्षमता उपलब्ध है परन्तु बुढ़ापे या अधिक बीमारी के कारण शारीरिक क्षमता नहीं तो अपनी ओर से किसी दुसरे मानव को जो अपनी ओर से हज कर चुका हो पूरा खर्च दे कर हज के लिए उसे भेजा जा सकता है या उस शारीरिक क्षमताहीन मानव की ओर से उस के रिश्तेदार जो अपनी ओर से हज कर चुके हैं, हज भी कर सकता है,

हज की क्षमता होने की स्थिति में हज करने के लिए जल्द जाना:

जो लोग हज की क्षमता रखते हैं और हज का इरादा भी रखते हैं तो ऐसे लोगों को हज करने की ओर जल्दी करना चाहिए, क्योंकि न जाने कब कौन सा नसीब उस के रास्ते में रोड़े अटका दे और हज जैसी महत्त्वपूर्ण इबादत से वंचित हो जाए। जैसा कि रसूल (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने लोगों को जल्दी हज करने पर उत्साहित करते हुए फरमाया।)

अब्दुल्लाह बिन अब्बास (रज़ी अल्लाह अन्हुमा) से वर्णन है कि रसूलुल्लाह

शेष पृष्ठ 7 पर

ख़ुत्बः जुमअः

यह अल्लाह तआला का बड़ा अनुग्रह और दया है कि उस ने हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमानों की सेवा की तौफ़ीक़ प्रदान फरमाई और अल्लाह तआला की कृपा से दुनिया के हर देश में ये लोग जमाअत का स्वभाव बन गया है कि जमाअत के हर वर्ग और हर उम्र के लोगों ने सालाना जलसा के मेहमानों की सेवा करनी है।

आज हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ग़ुलाम अल्लाह तआला के आदेश के अनुसार नि:स्वार्थ और बिना लाभ के और बिना थके और बिना माथे पर बल लाए उन मेहमानों की सेवा कर रहे हैं और यही हमारा कर्तव्य है कि इन मेहमानों की सेवा करें और जलसा की व्यवस्था को उत्तम रंग में करने की कोशिश करें।

नैतिकता से पेश आना मेहमान का अधिकार है और मेज़बान का कर्तव्य है।

अल्लाह तआला की कृपा से हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के साथ अल्लाह तआला के वादे के अनुसार दुनिया में हर जगह जहां जमाअत मजबूत नींव पर कायम हैं लंगर चल रहे हैं और विशेष रूप से जलसा के दिनों में तो इसकी विशेष व्यवस्था है।

जब सेवा के लिए अपने आप को हम ने प्रस्तुत किया है तो बिना किसी अनुकूलित के प्रत्येक की सेवा करनी चाहिए। हर जलसा में आने वाला मेहमान जलसा का मेहमान है। प्रत्येक से अच्छा व्यवहार करना प्रत्येक से अच्छे स्वभाव से पेश आना ज़रूरी है।

साथ ही यह दुआ भी करते रहना चाहिए कि अल्लाह तआला हमारी इस छोटी सी सेवा को जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमानों की कर रहे हैं इसे स्वीकार भी करे और हमारे काम सभी प्रकार के दिखावा से खाली हों और विशेष रूप से अल्लाह तआला के लिए हों ।

जलसा सालाना के अवसर पर मेहमानों की मेहमान नवाज़ी के स्तर को बहुत से बहुत उत्तम बनाने के लिए मेंज़बानों और जलसा सालाना के प्रशासन और कार सेवकों को अत्यधिक महत्तवपूर्ण उपदेश।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़,
दिनांक 5 अगस्त 2016 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन, यू.के.

أَشْـهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْـدَهٗ لَا شَـرِيكَ لَهٗ وَأَشْـهَدُ أَنَّ مُحَمَّـدًا عَبْـدُهٗ وَ رَسُـوْلُهٗ. أَمَّـا بَعْـدُ فَأَعُـوْذُ بِـاللّٰهِ مِـنَ الشَّـيْطٰنِ الرَّجِيْـمِ. بِسْـمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰـنِ الرَّحِيْـمِ - اَلْحَمْـدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ. اَلرَّحْمٰـنِ الرَّحِيْـمِ - مٰلِكِ يَـوْمِ الدِّيْـنِ - اِيَّـاكَ نَعْبُـدُ وَ اِيَّـاكَ نَسْتَعِيْنُ. اِهْدِنَـا الصِّـرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ. صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْـهِمْ - غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْـهِمْ وَلَا الضَّآلِّـيْنَ -

इंशा अल्लाह तआला अगले शुक्रवार से जमाअत अहमदिया ब्रिटेन का सालाना जलसा शुरू हो रहा है। अल्लाह तआला की कृपा से सालाना जलसा में शामिल होने के लिए दुनिया के विभिन्न देशों से मेहमानों का आना शुरू हो गया है। अल्लाह तआला जलसा सालाना के प्रशासन को जलसा में आने वाले मेहमानों की चाहे दुनिया के विभिन्न देशों से आने वाले हैं या ब्रिटेन के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले हैं, उत्तम रूप में सेवा की तौफ़ीक़ प्रदान करे।

अल्लाह तआला की कृपा से जलसा में आने वाले मेहमानों की सेवा के लिए सारे ब्रिटेन से बूढ़े, जवान, बच्चे, औरतें ख़ुद को स्वैच्छिक सेवा के लिए प्रस्तुत करते हैं और जैसे-जैसे शामिल होने वालों की संख्या बढ़ रही है। जलसा की व्यवस्था बढ़ रही है, सेवा करने वालों की भी आवश्यकता होती है और अल्लाह तआला की कृपा से बिना किसी कठिनाई के और ख़ुशी से बच्चे भी युवा भी औरतें भी पुरुष भी अपने आप को सेवा के लिए प्रस्तुत करते हैं और बहुमत युवाओं और बच्चों की भी यह सेवा कर के समझ रही है कि यह अल्लाह तआला का बड़ा अनुग्रह और दया है कि उस ने हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमानों की सेवा की तौफ़ीक़ प्रदान फरमाई और अल्लाह तआला की कृपा से दुनिया के हर देश में ये जमाअत के लोगों का स्वभाव बन गया है कि जमाअत के हर वर्ग और हर उम्र के लोगों ने सालाना जलसा के मेहमानों की सेवा करनी है।

पिछले सप्ताह शुक्रवार से रविवार तक जमाअत अहमदिया अमेरिका का जलसा था वहां पर भी उनके कार्यक्रम जो इंटरनेट पर आते थे, यूट्यूब पर थे, इस में मैंने एक साक्षात्कार देखा। साक्षात्कार लेने वाले ने ख़ुद्दामुल अहमदिया के अधिकारी से साक्षात्कार लिया। वे बता रहे थे कि किस तरह जलसा सालाना की तैयारी के लिए ख़ुद्दाम ने और स्वयं सेवकों ने काम किया। इसी तरह इस में एक उन्नीस बीस साल के लड़के का भी साक्षात्कार था। वहीं का बड़ा हुआ वहीं का पैदा हुआ। उस से सवाल पूछा गया कि यह सारा काम तुम ने किया है उस के बदले में तुम्हें क्या मिलता है? कितनी राशि मिलेगी? कितने डॉलर मिलेंगे? तो यह प्राय से सवाल किया गया। तो जैसा कि मैंने कहा कि अमेरिका में पला है और उस देश में दुनियादारी की सोच है तो उन्होंने यही जवाब दिया था कि हम तो स्वेच्छा से काम करते हैं जो मज़दूरी हमें मिलती है। दुनियादारों की सोच से वह ऊपर है हम तो ख़ुदा तआला की ख़ुशी पाने के लिए काम करते हैं। और यह वह स्वभाव है जो अल्लाह तआला की कृपा से दुनिया के हर देश में रहने वाले अहमदी का है। चाहे अफ़्रीकी या इंडोनेशियाई या द्वीप का रहने वाला है या पश्चिम के विकसित देशों का रहने वाला है। जब दुनिया की प्राथमिकताए स्कूलों कॉलेजों में छुट्टियों के दौरान खेल कूद और सैरें करनी हैं, जब सांसारिक नौकरी करने वालों की प्राथमिकताओं नौकरियों से छुट्टी मिलने पर आराम करना और परिवार के साथ छुट्टियां बिताना है उस समय एक अहमदी की प्राथमिकताएं अलग हैं। अगर इन छुट्टियों में सालाना जलसा आ रहा है तो इन दिनों में पढ़े लिखे भी और अनपढ़ भी अधिकारी भी और सहायक भी, पेशावर भी और साधारण मज़दूर भी, और छात्र भी अपने आप स्वेच्छा से हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमानों की सेवा के लिए प्रस्तुत करते हैं।

बाकी दुनिया के विकसित देशों में तो जलसे बड़े हॉल में या ऐसी जगह पर होते हैं जहां कई सुविधाएं मिलती हैं लेकिन ब्रिटेन का जलसा तो ऐसी जगह है जहां हर प्रबंधन अस्थायी करना है और हर संभव सुविधा जो कहीं भी उपलब्ध हो सकती है या जो भी दी जा सकती है उसे उपलब्ध भी करना है और फिर परिषद द्वारा यह शर्त भी है कि काम शुरू करने की तारीख़ से लेकर जलसा के बाद सब कुछ समेटने और इस जगह को पहली जैसी कृषि भूमि या फार्म भूमि भी बनाना है और यह सब काम अट्ठाईस दिनों के भीतर करना है तो इस मामले में एक सीमित समय में बहुत

बड़े बड़े काम को करने के लिए बहुत अधिक स्वयं सेवकों की आवश्यकता है। काम शुरू करने से ख़त्म करने का समय एक तरफ तो काम की प्रकृति के मामले में बहुत थोड़ा समय है लेकिन वालन्टीयरज़ काम करने के मामले में अट्ठाईस दिन बल्कि कुछ काम ऐसे हैं जो पहले भी शुरू हो जाते हैं जो सीधे जलसा स्थल में नहीं हो रहे होते लेकिन उनकी तैयारी के लिए भी दो तीन सप्ताह पहले स्वयं सेवक काम शुरू कर देते हैं। मानो यहां के कार्यकर्ता कुछ ऐसे भी हैं जो अपने समय और माल की कुरबानी लगभग डेढ़ दो महीने तक करते रहते हैं और यह समय एक व्यक्ति के काम करने के लिए स्वेच्छा से काम करने के लिए बहुत बड़ा समय है। तो इस दृष्टि से तो ब्रिटेन का जलसा स्वयं सेवकों को जलसा के काम के लिए कुरबानी और जलसा की ड्यूटी के महत्त्व का पता है। कई सालों से इस सेवा का संचालन कर रहे हैं लेकिन फिर भी ऐसे कई कार्यकर्ता होते हैं जो नए शामिल हो रहे हैं कुछ का जलसा के दिनों में सीधा मेहमानों के साथ संबंध पड़ता है उन में उनकी ड्यूटी होती। कुछ की जलसा के दिनों में शुरू होगी। कुछ की आज कल से शुरू हो चुकी है जबकि मेहमान आने शुरू हो गए जैसा कि मैंने कहा तो इन सब को अनुस्मारक के रूप में इस समय मैं कुछ कहूंगा।

कई बार कुछ लोगों को सेवा का जुनून तो बहुत ज़्यादा होता है लेकिन स्वभाव प्रत्येक का अपना है। कुछ कम हौसले का शिकार होते हैं। कुछ कम ज्ञान होने के कारण से कुछ ऐसी बातें कर रहे हैं या उनसे ऐसी बातें हो जाती हैं जो मेहमानों के लिए कष्ट का कारण बन सकती हैं और अनुस्मारक करवाने से स्वेच्छा से काम करने वाले कार्यकर्ता सावधान हो जाते हैं और अधिक ध्यान से अपने कर्तव्यों को अन्जाम देने की कोशिश करते हैं वरना मुझे तो इस बात में मामूली सी भी शंका नहीं है कि कार्यकर्ता सेवा भावना से समर्पित होकर सामान्य काम नहीं करते बेशक यह सब कार्यकर्ता सेवा की भावना से काम करने वाले हैं। याद करवाना और सावधान करना भी अल्लाह तआला का आदेश है इसलिए हर साल जलसा से एक शुक्रवार पहले ध्यान दिलाता हूं। कुरआन में भी अल्लाह तआला ने मेहमानों का उल्लेख इब्राहीम के मेहमानी का उल्लेख करके मेहमानी का महत्त्व बताया है और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भी विभिन्न अवसरों पर मेहमान नवाज़ी के महत्त्व और विशेषता का वर्णन किया है। इस समय हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने भी इस ओर विशेष ध्यान दिलाया है बल्कि अपनी बेअसत के उद्देश्यों में से एक उद्देश्य धर्म के लिए सफर करके आने वाले मेहमानों की मेहमान नवाज़ी भी करार दिया है। अत: आप एक जगह लिखते हैं कि

"तीसरी शाखा इस कारखाने की आने वालों और सच्चाई की खोज के लिए सफर करने वाले और अन्य कारणों से आने वाले हैं।" फिर फरमाया कि "यह शाखा भी बराबर विकास कर रही है।"(फतह इस्लाम रूहानी ख़ज़ायन भाग 3 पृष्ठ 14) अर्थात बढ़ रही है। फिर आप ने यह भी फरमाया कि हज़ारों की संख्या में ये लोग आ रहे हैं। कादियान की छोटी सी बस्ती में जहां उस ज़माने में(उद्धरित फतह इस्लाम रूहानी ख़ज़ायन भाग 3 पृष्ठ 14) किसी प्रकार की सुविधा भी उपलब्ध नहीं थी मेहमानों की मेहमान नवाज़ी के लिए बटाला या अमृतसर से हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम सामान मंगवाया करते थे। ऐसे समय में कई बार इंसान परेशान भी हो जाता है कि आने जाने के माध्यम भी नहीं हैं। कई बार पैदल जाना होता था। आमतौर तांगे पर जाते थे। ऐसे हालात में मेहमानी के लिए एक दूर दराज़ के इलाका में बहुत मुश्किल है। इसीलिए अल्लाह तआला ने आप के अपने दिल को मज़बूत करने के लिए पहले से ही फरमा दिया था। अरबी का इल्हाम है जिसका अनुवाद है कि लोग बहुत अधिक तेरी ओर लौटेंगे अत: तेरे पर वाजिब है कि तू उन से बुरा व्यवहार न करे और तुझे अवश्य है कि उनकी बहुतायत देखकर थक न जाए।

(उद्धरित लेक्चर लाहौर रूहानी ख़ज़ायन भाग 20 पृष्ठ 242)

आज दुनिया के कोने कोने में जलसों के आयोजन यह नज़ारे दिखाते हैं कि लोग बहुत आते हैं और आध्यात्मिक और शारीरिक खाना प्राप्त करते हैं और यहाँ ब्रिटेन में समय के ख़लीफा की उपस्थिति के कारण दुनिया के कोने कोने से मेहमान आते हैं और सिर्फ इसलिए कि धार्मिक ज्ञान प्राप्त करें और अपनी आध्यात्मिक प्यास बझाएँ।

आज हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ग़ुलाम अल्लाह तआला के आदेश के अनुसार नि:स्वार्थ और बिना लाभ के और बिना थके और बिना माथे पर बल लाए उन मेहमानों की सेवा कर रहे हैं और यही हमारा कर्तव्य है कि इन मेहमानों की सेवा करें और जलसा की व्यवस्था को उत्तम रंग में करने की कोशिश करें।

जलसे में ग़ैर अहमदी और ग़ैर मुस्लिम भी आते हैं और हमेशा काम करने वालों के काम से प्रभावित होते हैं और इस बात पर हैरान होते हैं कि कैसे छोटे बच्चे अपनी ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं। अपने ज़िम्मे लगाई गई ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं और बड़ी ज़िम्मेदारी से अंजाम दे रहे हैं।

पिछले साल एक मेहमान युगांडा से आए हुए थे। वहां के मंत्री भी हैं। कहने लगे कि मेहमान नवाज़ी और व्यवस्था को देखकर हैरान हुआ कि कैसे लोग स्वेच्छा से इतनी कुरबानी कर रहे हैं। कहने लगे मेरी कल्पना में भी नहीं था कि मैं एक ऐसे समारोह में शामिल होने जा रहा हूँ जहाँ इंसान नहीं बल्कि फरिशते काम करते नज़र आएंगे। कहते हैं कि बीस बार भी कोई चीज़ मांगो तो हंसते हुए पेश करते थे। कई इस बात का इज़हार करते थे कि बच्चे खाने की ड्यूटी पर खिला रहे होते तो बेहद हंस मुख चेहरे के साथ। अगर जलसे की मार्की में पानी पिला रहे होते तो बेहद खिले हुए चेहरे के साथ। बार बार ज़रूरत पूछते, पानी का पूछते और यह केवल विशेष मेहमानों के लिए ही नहीं बल्कि हर मेहमान के लिए यह श्रमिकों का व्यवहार था और यही वह गुण है, सेवा की भावना की जो केवल जमाअत अहमदिया के हर कार्यकर्ता की विशेषता है और होनी चाहिए। इसलिए इस विशेष गुण को हर कार्यकर्ता ने हमेशा जीवित रखना है चाहे वह किसी भी क्षेत्र में काम कर रहा हो।

हमारे जलसे के मेहमान जब आते हैं तो उनका सम्बन्ध विभिन्न विभागों से पड़ता है। आते ही उन्हें स्वागत विभाग से सम्बन्ध पड़ता है। स्वागत विभाग आमतौर मेहमानों का बड़ी अच्छी तरह स्वागत करता है। मेहमान जब सफर करके आता है तो उसे थकान भी होती है। सफर में चाहे जितनी भी सुविधाएं उपलब्ध हों इस ज़माने में भी सफर की ऊब और थकान होती है। इसलिए स्वागत विभाग को इस बात को हमेशा अपने सामने रखना चाहिए।

एयरपोर्ट पर तो मेहमानों की स्वागत का विभाग काम कर रहा होता है और आमतौर पर अच्छा प्रबंध होता है लेकिन कुछ पड़ोसी देशों से जो सफर कर के मेहमान आते हैं कार से आते हैं या बस से। वह कई घंटे सफर करके आ रहे होते हैं। थकान भी होती है। इसलिए अगर यह आने वाले जमाअत के ठहरने के स्थानों में ठहर रहे हैं तो वहां की प्रशासन को आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इस बात को याद रखना चाहिए कि अपने भाई को मुस्कुरा कर मिलो यह सदका है। (सुनन अत्तर्मिज़ी अबवाब अल्बिर्रे वस्सिला हदीस 1970) फिर एक अवसर पर यह भी फरमाया कि मामूली सी नेकी को भी तुच्छ न समझो। अपने भाई से मुस्कराते हुए व्यवहार करना भी भलाई है। (सहीह मुस्लिम किताबुल् बिर्रे हदीस 2626) देखें इस्लाम की शिक्षा कैसी सुंदर शिक्षा है। मेहमान के सम्मान का तो वैसे भी आदेश है। एक ऐसा आदेश है जिसका सवाब है। फिर यह मेहमानी करना कि आने वाले से सिर्फ मुस्कुरा कर बात कर लेना यह सदका दिए जाने जैसे कार्य के बराबर है और इस को सदके दिए जाने जैसे कार्य के बराबर का सवाब वाला भी बताया। इस सवाब का दुगना इनाम है। एक मेहमान नवाज़ी का इनाम एक नैतिकता से व्यवहार करने को सदके का सवाब। प्यार से बात करना ,अच्छे व्यवहार से बात करना नेकी गिनी जाती है और नेकी का बदला अल्लाह तआला ने कितना देना है यह अल्लाह तआला बेहतर जानता है।

फिर रास्ता दिखाना भी आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया एक सदका है।(सहीह बुख़ारी किताबुल जिहाद हदीस 2891) जो विभाग इस काम के लिए निर्धारित है उसे भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सफर करके आए यात्री से एक तो नैतिकता से मिलें फिर सहायकों द्वारा उन्हें उनके निवास स्थानों पर पहुंचाएं, खासकर जब औरतें और बच्चे होते हैं अर्थात् केवल औरतें हो और पुरुष उनके साथ न हों बच्चे उनके साथ न हो तो उन्हें ठहरने के स्थानों तक पहुंचाना स्वागत विभाग या जो भी संबंधित विभाग है इस काम का है और यह बड़ी ज़रूरी बात है। कई बार सामान आदि लेने के लिए ज़रूरत पड़ जाती है उसकी मदद करनी चाहिए। इसी तरह मुस्कुरा कर और नैतिकता से बात करना केवल स्वागत का नहीं बल्कि हर क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ता के लिए आवश्यक है।

आजकल हालात की वजह से एमज़ (AIMS) कार्ड रखना चाहिए। कई बाहर से आने वाले परिचय पत्र और जानकारी लेकर आते हैं और फिर उनके जलसे के कार्ड यहाँ बना दिए जाते हैं। कई बार ऐसे भी मामले आ रहे हैं कि परिचय

पत्र नहीं होता तो ऐसी मामले में बेशक तसल्ली करना तो बहुत ज़रूरी है जब तक तसल्ली न हो कार्ड नहीं बनाया जा सकता और परिचय की कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन इस अवधि में आने वाले से अच्छे स्वभाव से व्यवहार करना, उस के इंतज़ार के लिए बैठने की उचित व्यवस्था होना, यह भी बड़ा आवश्यक है। कई बार छोटे बच्चे साथ होते हैं जो लंबे इंतज़ार के कारण बेचैन होते हैं।

प्रथम तो हर आने वाले मेहमानों को भी यह ध्यान रखना चाहिए कि जब वह जलसा में आएँ तो जमाअत के परिचय पत्र के साथ आना चाहिए या अपने एमज़ कार्ड लेकर आना चाहिए और अगर किसी कारण से यह रह गया हो तो संबंधित विभाग कार्रवाई के दौरान उन्हें सुविधा उपलब्ध करे जैसा कि मैंने कहा कि वह आराम से बैठ सकें।

फिर खाने की मेहमान नवाज़ी का संबंध है इस में तो जमाअत के आवासों में ठहरे हुए मेहमान हैं उन्हें दो बार या तीन बार जो खाना खाते हैं इस की मेहमान नवाज़ी ज़रूरी है लेकिन जलसा के तीन दिनों में हर सम्मिलित होने वाला मेहमान जो आमतौर पर जलसा सुनने के लिए आता है कम से कम दोपहर का खाना जमाअत के प्रबंध के अधीन खाता है कि इस में खिलाने वाले अधिकारी और सहयोगी इस बात का ध्यान रखें कि मेहमान से नैतिकता से पेश आना है। नैतिकता से पेश आना मेहमान का अधिकार है और मेज़बान का कर्तव्य है। कई लोग खाने के मामले में कर्मचारियों को परेशानी में डालते हैं विभिन्न प्रकार के सवाल करते हैं या मांग कर रहे होते हैं। यह चाहिए, वे चाहिए। लेकिन कार्यकर्ताओं को फिर भी सहन करना चाहिए। खाना एक ऐसी चीज है जिस में खिलाने वाले का अभद्र व्यवहार या मामूली सी भी अनावश्यक टिप्पणी या कोई बात कहना मेहमान की भावनाओं को चोट लगाती है। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा ने तो मेहमानों की मेहमान नवाज़ी करते समय ऐसे नमूने दिखाए थे जो हमेशा स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। जब एक सहाबी मेहमान को अपने साथ ले जाने और खिलाने का आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आदेश फरमाया वह आप के आदेश पर मेहमान को अपने घर तो ले गिया लेकिन पत्नी ने कहा कि घर में तो थोड़ा खाना है जो बच्चों के लिए है। दोनों पति पत्नी ने परामर्श किया कि बच्चों को किसी तरह सुला दो और फिर जब मेहमान के सामने खाना पेश हो तो दिया या रोशनी जो है वह भी बुझा दो और ख़ुद घर वाले इस तरह अंधेरे में व्यक्त करें जैसे वह भी खाना खा रहे हैं ताकि मेहमान आराम से खाना खाते रहे और उसे यह एहसास न हो कि घर वाले खाना नहीं खा रहे। बहरहाल इस तरकीब से मेहमान को पता न चला और घर वालों ने इस तरह मेहमान नवाज़ी की और मेहमान ने बड़े आराम से खाना खाया। सुबह जब वह अंसारी सहाबी आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में हाज़िर हुए तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि तुम्हारे रात वाले कार्य और तरकीब से तो अल्लाह तआला भी हंस दिया।

(सहीह अल्बुख़ारी किताबुल मनाकिब हदीस 3798)

अत: यह कुर्बानी विशेष रूप से इस परिवार ने इसलिए दी कि मेहमान आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का मेहमान था। सामान्य रूप से तो सहाबा मेहमानों की ख़ातिरदारी करते थे लेकिन उसके साथ यह विशेष व्यवहार इसलिए भी हुआ।

